II Jai Sri Gurudev II
Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**अभ्यास कार्यपत्रक -3 (2026-27)**

**विषय : हिन्दी (व्याकरण)**

**नाम :** ___________ **कक्षा : __5__**

**अनुक्रमांक :**___________ **दिनांक**:___________

**प्रश्न . कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**i.** कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण , कथन का सही स्पष्टीकरण है।

**ii.** कथन और कारण दोनों सही हैं**,** पर कारण , कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**iii.** कथन सही है**,** पर कारण गलत है।

**iv.** कथन गलत है**,** पर कारण सही है।

(१) कथन (**A):** 'दिल्ली' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
कारण (**R):** क्योंकि यह एक विशेष स्थान का नाम है।

(२) कथन (**A):** 'ईमानदारी' भाववाचक संज्ञा है।
कारण (**R):** क्योंकि यह किसी गुण या भाव का बोध कराती है।

(३) कथन (**A):** 'पेड़' जातिवाचक संज्ञा है।
कारण (**R):** क्योंकि यह किसी एक विशेष पेड़ का नाम है।

(४) कथन (**A):** 'सुख' का विलोम 'आनंद' है।
कारण (**R):** क्योंकि दोनों शब्द समान अर्थ वाले हैं।

(५) कथन (**A):** शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
कारण (**R):** क्योंकि वाक्य से पूरा अर्थ स्पष्ट होता है।

(६) कथन (**A):** प्रत्येक शब्द अपने आप में पूर्ण वाक्य होता है।
कारण (**R):** क्योंकि हर शब्द पूरा अर्थ बताता है।

(७) कथन (**A):** 'राम विद्यालय गया।' एक पूर्ण वाक्य है।
कारण (**R):** क्योंकि इससे स्पष्ट अर्थ निकलता है।

(८) कथन (**A):** 'गंगा' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
कारण (**R):** क्योंकि यह एक विशेष नदी का नाम है।

(९) कथन (**A):** वाक्य बनाने के लिए शब्दों का सही क्रम आवश्यक होता है।
कारण (**R):** क्योंकि गलत क्रम से अर्थ बदल सकता है।

(१०) कथन (**A):** 'मोहन किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में 'मोहन' संज्ञा है।
कारण (**R):** क्योंकि 'मोहन' किसी विशेष व्यक्ति का नाम है।